हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 मुरूमसिल्ली बांध पूरी तरह सुरक्षित, नियमित निरीक्षण एवं...


12 नए शिक्षा सत्र की शुरुआत, बुक डिपो में उमड़ी ...


## खबर संक्षेप

### लिमतरा में भूमिपूजन आज

**धमतरी।** आज सोमवार को सुबह 11 बजे शामा शाला लिमतरा में शासकीय भवन निर्माण एवं परिक्षेत्रीय साहू भवन में क्रांकीटीकरण कार्य का भूमिपूजन विधायक ओंकार साहू करेंगे।

### कोसरिया यादव समाज की बैठक 5 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज नगर इकाई धमतरी की बैठक 5 जुलाई रविवार को दोपहर 1 बजे सर्व यादव समाज भवन आमातालाब धमतरी में आयोजित की जाएगी। बैठक में संगठनात्मक एवं चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी नगर इकाई अध्यक्ष रामेश्वर यादव ने दी।

### मधुबनधाम में सतनामी समाज की बैठक 5 को

**धमतरी।** सतनामी समाज जिला धमतरी की बैठक 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे मगरलोड के मधुबन धाम में रखी गई है। बैठक में सामाजिक चुनाव संबंधित चर्चा की जायेगी। सामाजिकजनों से उपस्थिति का निवेदन किया गया है।

### बाइक की ठोकर से एक्टिवा सवार घायल




**धमतरी।** रूद्री रोड में बाइक व एक्टिवा के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में एक्टिवा सवार घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कर्मा चौक निवासी पुनीतराम सिन्हा बुधवार की दोपहर एक्टिवा क्रमांक सीजी 05 एके 1679 से रूद्री रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से बाइक क्रमांक सीजी 05 एयू 1241 आ रही थी। रूद्री रोड में स्थित छात्रावास के पास बाइक व एक्टिवा में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में एक्टिवा सवार पुनीतराम घायल हो गया। सूचना पर वरदान परामर्थ समिति के शिवा प्रधान एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायल को उपचार के लिये अंबेडकर चौक के पास स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। इस घटना में घायल के सिर व पैर में चोट आई है।



# धमतरी जिला धार्मिक पर्यटन के नए केंद्र के रूप में उभरेगा

## छग पर्यटन मंडल के अध्यक्ष ने रुद्रेश्वर कॉरिडोर का किया निरीक्षण, विकास कार्यों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को नई ऊंचाई देने की दिशा में रुद्रेश्वर कॉरिडोर परियोजना अब तेजी से आगे बढ़ने की ओर है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने बीते दिनों रुद्रेश्वर कॉरिडोर का स्थल निरीक्षण कर प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने पर्यटन मंडल अध्यक्ष को कॉरिडोर के लिए तैयार की गई विस्तृत कार्ययोजना से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, आकर्षक प्रवेश द्वार, परिक्रमा पथ, घाटों का विकास, नदी तट का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, पार्किंग, उद्यान विकास, बैठने की व्यवस्था, संकेतक बोर्ड, श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल तथा पर्यटकों की सुविधा के अनुरूप अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्य किए जाएंगे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, प्रकाश बैस, महेंद्र पंडित, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के संचालक विवेक आचार्य, डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पर्यटन समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### रुद्रेश्वर कॉरिडोर को जल्द मिलेगी रफ्तार

नीलू शर्मा ने जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना की सराहना करते हुए प्रथम चरण के सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रुद्रेश्वर कॉरिडोर के विकसित होने से धमतरी धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर प्रमुख स्थान प्राप्त करेगा। इससे स्थानीय रोजगार, पर्यटन आधारित गतिविधियों और जिले की अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी।



### रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना

श्री शर्मा ने धमतरी के प्राचीन एवं ऐतिहासिक रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं जिलेवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## रिजर्व फारेस्ट के 23 गांवों में सोलर प्लांट की क्षमता बढ़ाने पौने नौ करोड़ की डिमांड

# कभी मिलती थी 40 वाट बिजली अब 500 वाट का प्रस्ताव भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रिजर्व फारेस्ट के 23 गांवों को रातभर बिजली देने के लिए पौने 9 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन सालभर बाद भी इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिली है। उधर ग्रामीणों की जरूरतें इतनी बढ़ चुकी हैं कि सोलर प्लांट की बिजली तीन से चार घंटे में ही खत्म हो जाती है। बारिश के मौसम में समस्या तो और भी गंभीर हो जाएगी।

वनांचल में लगातार सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। आज से 10 साल पहले वनांचल के 47 गांव ऐसे थे, जहां पर सोलर पावर प्लांट के जरिए बिजली आपूर्ति होती थी। इसमें से अधिकांश गांवों में अब विद्युत विभाग की बिजली पहुंच चुकी है, लेकिन उदंती सीतानदी रिजर्व फारेस्ट की 23 बसाहटों में आज तक सोलर पावर प्लांट के भरोसे बिजली आपूर्ति की जा रही है। इसमें 19 गांव शामिल हैं, जबकि 4 मजराटोला या पारा हैं। जानकारी के अनुसार इन गांवों में बिजली पहुंचाने के लिए लंबे समय से प्रस्ताव भेजा गया है। बिजली कनेक्शन खींचने से जंगल को नुकसान न पहुंचे, इसके लिए अंडरग्राउंड बिजली लाइन बिछाने का प्रस्ताव है। रिजर्व फारेस्ट होने के कारण फारेस्ट से क्लीयरेंस नहीं मिला है। जिले के वन विभाग से भी इसके लिए प्रस्ताव को आगे फारवर्ड कर दिया गया है। केंद्रीय वन मंत्रालय से भी इसके लिए अनुमति नहीं मिली है।



### इन गांवों में चल रहे सोलर प्लांट

आमझर नीचेपारा, आमझर स्कूलपारा, गादुलबाहरा नीचे पारा, गादुलबाहरा उपरपारा, उजरावन खाल्हेपारा, उजरावन स्कूलपारा, उजरावन उपरपारा, आमाबहार शांति चौक, आमाबहार पटेलपारा, आमाबहार शीतला चौक, आमाबहार स्कूलपारा, बरपदर, बोइरगांव मुख्य बस्ती, चमेदापारा, चमेदा बस्ती, चमेदा बस्ती कोंटापारा, डोडाझरिया गौरा चौक, डोडाझरिया स्कूल पारा, एकावरी स्कूलपारा, एकावरी ठाकुरपारा, फरसगांव बजरंग चौक, फरसगांव जंगलपारा, फरसगांव उपरपारा शामिल हैं।

### 15 घंटे बिजली देने का प्रस्ताव

इन गांवों में 12-14 घंटे बिजली देने के लिए पावर प्लांट डिजाइन कर क्षमता बढ़ाई गई थी, लेकिन ग्रामीणों की जरूरत और बढ़ गई। कूलर, पंखा, टेलीविजन, मोबाइल सहित अन्य उपकरणों का उपयोग होने लगा है। कभी इन गांवों में प्रत्येक घर में 30-40 वाट ही बिजली दी जा रही थी। गांव में 10-12 केवी के प्लांट लगे थे। ग्रामीणों की डिमांड को देखते हुए पावर प्लांट क्षमता बढ़ाई गई है। अब इन गांवों में 30-45 केवी तक के पावर प्लांट लगाए गए हैं। पावर प्लांट की क्षमता वृद्धि के बाद प्रत्येक कनेक्शन में 200 वाट बिजली दी जा रही है, लेकिन यह बिजली भी कम पड़ रही है। स्थिति यह है कि जिस बिजली को रात भर चलना चाहिए, खपत ज्यादा होने के कारण 4-6 घंटे में ही खत्म हो जा रही है। अब फिर से इन गांवों में सोलर प्लांट की क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा गया है। प्रत्येक घर को 500 वाट बिजली देने का लक्ष्य रखा गया है।

# डाही मर्डर मिस्ट्री : 24 घंटे में पुलिस ने सुलझाई गुत्थी, सभी 8 आरोपी गिरफ्तार

- शराब पार्टी में दोस्त ही बन गए कातिल, हत्या में प्रयुक्त लट्ठा और बोल्डर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम डाही में युवक हुलास मंडावी की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। वारदात के बाद अंधेरे में रहे हत्याकांड की परतें पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर खोल दी हैं। पुलिस के अनुसार शराब सेवन के दौरान हुए विवाद के बाद मृतक के ही साथियों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी थी।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में कुरूद थाना और साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई में घटना में शामिल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 6 बालिग आरोपी और 2 विधि से संघर्षरत बालक शामिल हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि 29 जून की रात डाही-बगदेही मार्ग स्थित शीतला मंदिर के आगे मोबाइल टावर के पास हुलास मंडावी और कुछ युवक शराब पी रहे थे। इसी दौरान आपसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। कहासुनी बढ़ने के बाद आरोपियों ने हुलास पर हमला कर दिया।

### शॉर्ट पीएम रिपोर्ट के बाद तेज हुई जांच

पुलिस के मुताबिक रोशन ध्रुव और मुकेश यादव ने लकड़ी के लट्ठे से सिर पर वार किए, जबकि एक अन्य आरोपी ने बोल्डर, पत्थर से हमला किया। गंभीर चोट के कारण हुलास की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत हत्यात्मक पाए जाने के बाद हत्या का मामला दर्ज किया गया।

### आरोपियों की निशानदेही पर हथियार बरामद

घटना के बाद पुलिस टीम ने संदिग्धों से पूछताछ, मोबाइल लोकेशन, मुखबिर सूचना और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। रातभर चले ऑपरेशन के बाद सभी आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल लकड़ी का लट्ठा और बोल्डर पत्थर जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रोशन ध्रुव (21), मुकेश यादव (19), अमन नेताम (19), रविशंकर पटेल (22), चंद्रशेखर पटेल (22) और सागर मरकाम (25) शामिल हैं। सभी आरोपी ग्राम डाही के निवासी बताए गए हैं।

### जेल भेजे गए आरोपी, नाबालिग किशोर न्याय बोर्ड के सामने पेश

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 296(बी), 191(2) और 191(3) के तहत कार्रवाई की है। बालिग आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है, जबकि दो नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# 46 हजार के अवैध गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**धमतरी।** पुलिस ने दबिश देकर घर में अवैध रूप से बिक्री के लिये रखे 46 हजार कीमत के अवैध गांजा के साथ महिला को गिरफ्तार किया है।

सिहावा पुलिस को मुखबिर से ग्राम गिधावा में एक महिला द्वारा अपने घर में अवैध रूप से गांजा रखकर उसकी बिक्री किये जाने की सूचना मिली। सूचना को गंभीरता से लेते हुए सिहावा पुलिस की टीम तत्काल गिधावा के लिये रवाना हुई। पुलिस ने संदेही महिला के घर दबिश देकर वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए तलाशी ली। इस दौरान कमरे में पलंग के नीचे थैले से 1 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर गांजा को जब्त कर लिया। इसकी कीमत 46 हजार रूपये बताई गई है। इसके साथ ही बिक्री रकम 2650 रूपये व एक कीपैड मोबाइल कुल 49650 रूपये की संपत्ति जब्त की है। सिहावा थाना में धारा 20-ख एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपिया धनेश्वरी साहू पति कोमल उम्र 39 वर्ष ग्राम गिधावा थाना सिहावा निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## श्यामतराई के पास गंभीर हालत में पड़ा मिला था युवक

# सड़क हादसे में मृत युवक का तीसरे दिन हपोस्टमार्टम

**धमतरी।** सड़क हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत हो जाने के बाद से पुलिस उसके परिजनों की तलाश कर रही थी लेकिन उनके परिजनों का कहीं पता नहीं चल पाया।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार बीते 27 जून की देर रात्रि संजीवनी 108 एम्बुलेंस को नेशनल हाईवे में ग्राम श्यामतराई के पास एक युवक के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना मिली। संजीवनी 108 तत्काल मौके पर पहुंची। युवक के चेहरे, सिर व शरीर पर चोट लगी थी। किसी अज्ञात वाहन द्वारा युवक को ठोकर मारने की आशंका थी। घायल को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। इस दौरान घायल बड़ी मुश्किल से अपना नाम नैनजी पिता चमराराम उम्र 42 वर्ष गढ़चिरौली निवासी बताकर बेहोश हो गया। घायल का उपचार जारी था। इसी दौरान 28 जून की रात्रि घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शव को मर्च्यूरी के फ्रीजर में सुरक्षित रखवाकर उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी। युवक द्वारा बताये गये पते गढ़चिरौली क्षेत्र व बांदे थाना से संपर्क कर मृतक के परिजनों की पतासाजी करने की कोशिश की लेकिन युवक के परिजनों का कहीं पता नहीं चला। परिजनों का इंतजार कर रही पुलिस ने तीसरे दिन बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराका अंतिम संस्कार के लिये स्वर्गधाम सेवा समिति से संपर्क किया।



# जिला अस्पताल में टेंडर प्रकाशन में की जा रही देरी से गड़बड़ी की आशंका




चार कार्यों का टेंडर जारी नहीं होने से निविदाकारों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल में चार कार्यों के लिये टेंडर जारी किया जाना है लेकिन महीने भर बाद भी अस्पताल प्रबंधन द्वारा टेंडर जारी नहीं किये जाने से गड़बड़ी होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं टेंडर का इंतजार कर रहे निविदाकारों में नाराजगी देखी जा रही है।

जिला अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन करने के लिये जीवनदीप समिति के माध्यम से प्रत्येक वर्ष सफाई, भोजन, कैंटीन, साइकिल स्टैण्ड व सिक्युरिटी गार्ड के लिये टेंडर जारी किया जाता है। इस वर्ष 2026-27 के लिये चार कार्यों का टेंडर जारी होना है जबकि पिछले वर्ष से चल रहा टेंडर समय अवधि लगभग तीन महीने पहले ही पूरा हो चुका है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा टेंडर खत्म होने से पहले ही नई निविदा की प्रक्रिया शुरू कर देनी चाहिए थी लेकिन टेंडर खत्म होने के बाद भी सफाई, भोजन, साइकिल स्टैण्ड व्यवस्था पुराने ढर्रे पर चल रही है। जबकि लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सिक्युरिटी के टेंडर को समय से पहले ही खत्म कर उक्त संस्था को ब्लैक लिस्टेड किया गया था। टेंडर के लिये लगातार आवाज उठने के बाद महीने भर पहले नये टेंडर की प्रक्रिया शुरू की गई जिसकी फाइल एप्रूअल के लिये कलेक्ट्रेट भेजी गई थी। जहां फाइल के वापस अस्पताल पहुंच जाने पर टेंडर के नियम व शर्तें बनाये जाने की बात कही जाती है। टेंडर जारी करने में की जा रही देरी राजनीतिक दबाव में चहेतों को लाभ देने की आशंका जताई जा रही है। जबकि नियमानुसार सभी कार्यों का टेंडर जारी होना चाहिए। लाटरी सिस्टम से टेंडर मिलने पर उक्त निविदाकारों को भी कार्य करने का मौका मिलना चाहिये। टेंडर में भाग लेने की तैयारी में बैठे निविदाकार इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टेंडर जारी करने में हो रही देरी से गड़बड़ी होने की आशंका जताई जा रही है।



# लाखों की लागत से बने नवीन पुलिस चौकी भवन में पानी और बिजली नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

नगर पंचायत करेली बड़ी में पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से लाखों रुपये की लागत से एक सुविधायुक्त नवीन पुलिस चौकी भवन का निर्माण किया गया है। निर्माण कार्य हाल ही के दिनों में पूर्ण हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि फरवरी 2026 में उपमुख्यमंत्री द्वारा इस भवन का वर्चुअल लोकार्पण किए जाने के बावजूद आज तक यह नवनिर्मित भवन पुलिस विभाग को हैंड ओवर नहीं किया गया है। नतीजतन लाखों रुपये की लागत से बना भवन पानी, विद्युत के अभाव में धूल फांकने को मजबूर है। जिला पुलिस विभाग भी नवीन पुलिस भवन को लेकर कोई सुध नहीं ले रहा है।

## डिप्टी सीएम के लोकार्पण के बाद भी पुलिस चौकी शिफ्ट नहीं

### पेयजल और बिजली की आपूर्ति बड़ी चुनौती

नवनिर्मित पुलिस चौकी में पेयजल की विकट समस्या है। बोर तो है किंतु पानी पीने योग्य नहीं है। इस समस्या से निजात मिल जाये तो पुलिस चौकी के शिफ्ट होने में कोई देर नहीं होगी। नवनिर्मित भवन में नवीन बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया चल रही है। नगर पंचायत के पदाधिकारियों को भी पेयजल व्यवस्था को लेकर सुध लेने की आवश्यकता है।



### लाखों का भवन पहले से हो चुका जर्जर

जिस स्थान पर पुलिस हाउसिंग बोर्ड द्वारा लाखों की लागत से पुलिस चौकी का नवीन भवन बनाया गया था, उसी स्थान पर कुछ वर्ष पहले पुलिस का छावनी भवन बनाया गया था। पुलिस विभाग द्वारा उस भवन को लेकर कोई सुध नहीं ली गई। इससे दो मंजिला भवन जर्जर हो गया है। लोहे एंगल पार्ट्स की भी चोरी हो गई है।

विदित हो कि वर्तमान में करेली बड़ी पुलिस चौकी काफी दिनों से जर्जर हो चुके पुराने खपरैल भवन में संचालित है। नवीन भवन के हस्तांतरण न होने के कारण पुलिस कर्मी असुरक्षित और असुविधाजनक माहौल में कार्य करने को विवश हैं। नवीन भवन के मिल जाने से पुलिस कर्मियों को न केवल बेहतर सुविधा और बेहतर बैठक व्यवस्था मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों के मन में व्याप्त भय भी दूर होगा।

चौकी प्रभारी राधेश्याम बंजारे ने बताया कि नवीन भवन पुलिस चौकी को हैंड ओवर नहीं किया गया है। नए भवन में पानी एवं विद्युत व्यवस्था नहीं है। ठेकेदार फलेश साहू ने बताया कि भवन निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। चाबी विभाग को सौंप दी गई है।

**ग्रामीणों का आरोप :** अपात्रों को लाभ, जरूरतमंदों के नाम गायब

# पीएम आवास योजना की सूची पर बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की पात्रता सूची को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले की कई ग्राम पंचायतों में आई शिकायतों के बाद अब ग्रामीणों का गुस्सा सड़कों पर दिखाई देने लगा है। कुरुद जनपद क्षेत्र के सुपेला, करगा और बगदेही सहित कई गांवों के ग्रामीणों ने सूची में गड़बड़ी और



भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जनपद पंचायत कार्यालय का घेराव किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत स्तर पर सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक की मिलीभगत से



वास्तविक जरूरतमंद परिवारों के नाम सूची से काट दिए गए, जबकि ऐसे लोगों के नाम शामिल कर दिए गए जिनके पास पहले से पक्के मकान, ट्रैक्टर और हार्वेस्टर जैसी सुविधाएं मौजूद हैं।

### एक मकान, कई दावे, सूची में पति-पत्नी के नाम से भी उठे सवाल

आवास प्लस 2.0 सर्वे के बाद जारी सूची में कई जगह एक ही परिवार के अलग-अलग नाम सामने आने की शिकायतें मिली हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ परिवारों ने अलग-अलग राशन कार्ड और दस्तावेजों के आधार पर खुद को अलग परिवार बताकर योजना का लाभ लेने की कोशिश की। कई पंचायतों में पति-पत्नी दोनों के नाम पात्रता सूची में आने से भी सवाल उठे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि अंतिम स्वीकृति से पहले सभी नामों का मौके पर जाकर सत्यापन कराया जाए।

### फर्जी दस्तखत कर नाम काटने का आरोप

सुपेला की एक महिला ने आरोप लगाया कि ग्राम सभा के नाम पर उनसे दस्तखत करा लिए गए और बाद में पता चला कि उनका नाम आवास सूची से हटा दिया गया है। महिला का कहना है कि उनका मकान जर्जर हालत में है, परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है और घर में दिव्यांग बच्चा भी है। इसके बावजूद उन्हें योजना से बाहर कर दिया गया।

### 84 हजार आवेदन, 11 हजार नाम गायब

धमतरी जिले की 370 ग्राम पंचायतों में पीएम आवास प्लस 2.0 सर्वे कराया गया था। इसमें 84 हजार 439 हितग्राहियों ने आवेदन किया। ग्राम सभा में सूची जारी होने के बाद करीब 11 हजार 301 नाम गायब मिले, जबकि 73 हजार 138 लोगों को पात्र माना गया। ग्राम पंचायत पुरी में करीब 40 परिवारों के नाम हटने का मामला भी सामने आया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर दोबारा सर्वे और भौतिक सत्यापन की मांग की है।

### AI सॉफ्टवेयर से नाम हटने की बात, अधिकारी ने दी सफाई

कुरुद जनपद पंचायत के सीईओ अमित सेन ने बताया कि करीब एक साल पहले आवास योजना 2.0 के तहत सर्वे हुआ था। कुरुद क्षेत्र में लगभग 26 से 27 हजार लोगों का सर्वे किया गया। केंद्र सरकार के एआई आधारित सॉफ्टवेयर में डेटा प्रोसेस होने के दौरान कुछ नाम तकनीकी कारणों से विलोपित हो गए। सूची ग्राम पंचायतों को भेजी गई है, जहां ग्राम सभा के माध्यम से पात्रता और अपात्रता का अंतिम निर्धारण किया जाना है।

### 500 से ज्यादा शिकायतें पहुंचीं कलेक्ट्रेट

कलेक्ट्रेट में भी पीएम आवास से जुड़ी शिकायतों को लेकर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। लोहरसी, सांकरा, पुरी, संबलपुर, कंडेल सहित 50 से अधिक पंचायतों के ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई। प्रशासन को अलग से शिकायत काउंटर बनाना पड़ा, जहां 500 से अधिक आवेदन मिले। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सूची में सुधार कर वास्तविक गरीब परिवारों को शामिल नहीं किया गया तो वे आंदोलन करेंगे।

## संविदा शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड के संविदा शिक्षकों ने विधायक अम्बिका मरकाम को अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक ने उनकी मांगों के निवारण हेतु मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, संचालक को पत्र लिखने की बात कही। इस दौरान चेतन डड़सेना, सैम्युल मसीह, हिमांशु सवानी, देवकुमार, शारदा चक्रधारी, प्रभात यादव, विजय शर्मा, ज्योति साहू, दिव्या जैन, आकांक्षा लाल, दुर्गेश्वरी पात्रे, भानूप्रिया साहू, तिलोत्तमा बाग, भारती शर्मा, अंकिता, रुखसार अशरफी, लीना महोबिया, प्रियंका शर्मा उपस्थित रहे।

# चकबोर तालाब पर कथित अतिक्रमण से चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

■ सीमांकन व संरक्षण की उठी मांग

विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत लखनपुरी स्थित चकबोर तालाब के आसपास कथित अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में चिंता है। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब से लगे क्षेत्र में कुछ किसानों द्वारा धीरे-धीरे भूमि पर कब्जा किया जा रहा है, जिससे तालाब का मूल स्वरूप प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, लगभग सात एकड़ क्षेत्र में फैला चकबोर तालाब अब पहले की तुलना में छोटा दिखाई देने लगा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में तालाब का अस्तित्व और जल भंडारण क्षमता प्रभावित हो सकती है।

तालाब की नियमित देखरेख और सीमांकन नहीं होने के कारण अतिक्रमण की आशंकाएं बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि राजस्व एवं



संबंधित विभाग द्वारा तालाब का सीमांकन कराया जाए, अतिक्रमण की निष्पक्ष जांच की जाए तथा यदि कहीं अवैध कब्जा पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई कर तालाब की भूमि को सुरक्षित किया जाए।

## करैहा हाईस्कूल में छात्रों को पाठ्यपुस्तकें बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय हाईस्कूल करैहा में शाला प्रवेशोत्सव उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया। मौके पर सरपंच राधेश्याम नेताम, पूनाराम साहू, प्राचार्य श्रीमती अर्चना साहू समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। याकेश कोमरे को समिति का अध्यक्ष चुना गया।

# अग्निवीर उमाशंकर का ग्रामीणों ने किया सम्मान



■ यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी : जीवनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम मेचका सोंढूर के उमाशंकर प्रजापति पिता प्रेमशंकर प्रजापति के भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया।

उमाशंकर की इस उपलब्धि से पूरे गांव, क्षेत्र एवं समाज में खुशी है। उमाशंकर ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर भारतीय सेना में स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से गांव के युवाओं में भी देश सेवा के प्रति उत्साह और नई ऊर्जा का संचार हुआ है। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। वरिष्ठ सदस्य जीवनलाल नाग ने कहा कि उमाशंकर की सफलता पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है तथा यह गांव के लिए गर्व का विषय है। समारोह में उमाशंकर प्रजापति का फूलमाला एवं सम्मान पत्र के साथ अभिनंदन किया गया। मौके पर रजनी बाई, प्रेमशंकर प्रजापति, टेश्वरी प्रजापति, कुमारी बाई, मन्नूलाल, मेनका प्रजापति, हुलेश कुमार, पूर्णिमा प्रजापति, पुष्पेंद्र कुमार, धनेश्वरी, नवीन प्रजापति, यमुना, कीर्ति प्रजापति विमला धुर्वा, पर्यटन अध्यक्ष गया मांझी, राघन धुर्वा, शेषनारायण धुर्वा, लोकेश्वर साहू, दानेश्वर प्रजापति, शंकर ठाकुर, यतीश सेन, मनीष, पप्पू उपस्थित थे।

## निधन

### मीरा बाई सामनानी

**धमतरी।** श्रीमती मीरा बाई सामनानी उम्र 73 वर्ष पति स्व. त्रिलोकचंद



सामनानी का स्वर्गवास हो गया। अंतिम यात्रा निवास स्थान F19, अमलतासपुरम, गली न.15 से निकली। वह महेश, नरेश, मनीष सामनानी की मां, करण, मयंक की दादी, सुनील कुमार गोविंदानी, अमित कुमार थावरानी की सास व राधाकिशन मोटवानी की बहन थीं।

## खबर संक्षेप

### खेमप्रभा का छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन

**कोर्रा(भखारा)।** राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए शासकीय माध्यमिक शाला



सिलघट की छात्रा कुमारी खेमप्रभा पिता संतोष सिन्हा का चयन उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। प्रधानपाठक एवं शिक्षकों ने कहा कि ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं यदि सही दिशा में प्रयास करें तो किसी भी बड़े मुकाम को हासिल कर सकती हैं। खेमप्रभा की यह सफलता अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्तोत्र बनेगी। इस परीक्षा में चयन होने पर छात्र को आगामी कक्षाओं की पढ़ाई के लिए शासन द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख मेष कुमार साहू, शिक्षक राजेश साहू, पुरुषोत्तम निषाद और भूपेन्द्र ठाकुर ने हर्ष जताया है।

### राज्यस्तरीय मेधावी छात्र परीक्षा में देवराज रहे अव्वल

**मगरलोड।** सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय बोड़रा में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्र ग्राम



आमाचानी निवासी देवराज साहू ने राज्यस्तरीय मेधावी छात्र परीक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित अपने परिवारजनों को गौरवान्वित किया है। वे डायमंड-टुकेश्वरी साहू के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य शंकरलाल साहू तथा शिक्षक पवन साहू, रुपनारायण सिन्हा, विष्णु साहू, डेविड साहू, दुर्गा साहू, हेमलता साहू, पुष्पा साहू, लाकेश्वरी साहू, कृतिका ध्रुव तथा खिलेश्वरी वर्मा ने हर्ष जताया है। ज्ञात हो कि सत्र 2025 कक्षा 7वीं में भी देवराज बिलासपुर में मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हो चुके हैं। इस सत्र 2026 कक्षा 8वीं में भी पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल करने पर बिलासपुर में पुनः सम्मानित होंगे।

### श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में प्रवेश शुरू

**धमतरी।** शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में कक्षा पहली से दसवीं तक की श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं को निःशुल्क आवासीय शिक्षण का लाभ दिया जा रहा है।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सोना बैरागी (SONA BAIRAGI) पति विजय बैरागी (VIJAY BAIRAGI) पोस्ट ऑफिस वार्ड, वार्ड नं. 24, धमतरी तह. व जिला धमतरी (छ.ग.) पिन-493773 की स्थायी निवासी हूं। मेरे वर्तमान आधार कार्ड (6109 7017 1355) में मेरा नाम सोना बैरागी (SONA BAIRAGI) पति विजय बैरागी (VIJAY BAIRAGI) अंकित है जो त्रुटिपूर्ण है। यह कि मेरे पति विजय बैरागी (VIJAY BAIRAGI) सरकारी कर्मचारी हैं। उनके सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम चंपा बैरागी (CHAMPA BAIRAGI) पति विजय बैरागी (VIJAY BAIRAGI) दर्ज है। यह कि चंपा बैरागी (CHAMPA BAIRAGI) पति विजय बैरागी (VIJAY BAIRAGI) एवं सोना बैरागी (SONA BAIRAGI) पति विजय बैरागी (VIJAY BAIRAGI) एक ही महिला का नाम होकर एक दूसरे के पूरक हैं।

अतः आज से समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम चंपा बैरागी (CHAMPA BAIRAGI) पति विजय बैरागी (VIJAY BAIRAGI) पोस्ट ऑफिस वार्ड, वार्ड नं. 24, धमतरी तह. व जिला धमतरी (छ.ग.) पिन-493773 दर्ज किया जावे एवं मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना जावे। इस साक्ष्य का प्रकाशन मैं छत्तीसगढ़ राजपत्र में करवाना चाहती हूं।

स्थान-धमतरी
दिनांक-01/07/2026

**चंपा बैरागी** (CHAMPA BAIRAGI)
**पति विजय बैरागी** (VIJAY BAIRAGI)
**पोस्ट ऑफिस वार्ड, वार्ड नं. 24, धमतरी**
**तह. व जिला धमतरी (छ.ग.) पिन-493773**

## अंचल की खबरें

### संत कबीर ने सत्य, प्रेम, समानता की राह दिखाई



**नगरी।** साहू सदन नगरी में सद्गुरु कबीर जयंती समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह में कबीर साहेब के विचारों एवं संदेशों पर आधारित भजन, सत्संग एवं प्रवचन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में संत कबीर के सत्य, प्रेम, समानता और मानवता के संदेश का प्रसार किया गया। मौके पर संतोष साहू, भूपेन साहू, गिरिजा, शंकर सिंह साहू, योगेश साहू, धनेश साहू, नोहर साहू, उधो साहू, जितेंद्र, विष्णु साहू, झाड़ू राम साहू, नंद पांडे, संतोष निषाद, अश्वनी निषाद, आश्रम पटेल, लक्ष्मण गजपाल, अलका, हाकिम चंद, राजू, वीके, मन्नू साहू, हितेन साहू, नंद यादव, नागेश शुक्ला, परमेश्वरी, ललिता साहू, शांति साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

### अटंग में मनाई गई संत कबीर की जयंती





**सिर्री।** ग्राम अटंग के साहू समाज भवन में सत्संग समिति द्वारा संत कबीर साहेब की 628वीं जयंती मनाई गई । मुख्य वक्ता संत मुक्तिशरण साहेब कोलियारी, समेंद्र साहेब नवापारा एवं संत लखन साहेब भैंसमुंडी रहे। सत्संग भजन के माध्यम से कबीर साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य अगर अपने जीवन में बदलाव कर लें तो जिंदगी आसान हो जाएगी। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार को त्याग कर अपने कर्मों को अच्छा बनाने पर ध्यान देना चाहिए। कबीर साहेब के बताए गए मार्ग पर चलने का प्रयास हो। आपसी भाईचारा के साथ जीवन का निर्वहन करें। कार्यक्रम को पूर्व विधायक लेखराम साहू ने भी संबोधित किया। समिति के अध्यक्ष निरंजन साहू ने आभार जताया। कार्यक्रम में भागवत राम साहू, किशनलाल साहू, धूषण लाल साहू, द्वारिका प्रसाद साहू,बिसाहू राम,विष्णुराम, तुकाराम, वेदप्रकाश साहू, रेणुका, बुधिया, फुलेश्वरी, कौशल्या, ममता, रुक्मणी, उत्तरा, अनीता समेत अनेक सत्संगी शामिल हुए।

### भुसरेंगा समिति में सहकारी सप्ताह का आयोजन




**डांडेसरा(धमतरी)।** केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में प्रदेश के सभी पैकस एवं जिला में 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सहायक समिति प्रबंधक तरुण साहू ने बताया कि सहकार की समृद्धि के आधार पर लगातार सात दिन तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमें सदस्यों की आय में वृद्धि, दुग्ध एवं मत्स्य समितियों की भूमिका पर चर्चा, जिला सहकारी विकास समिति की बैठक, सदस्य की आय बढ़ाने में एफपीओ की भूमिका, ड्रोन से तरल उर्वरक छिड़काव का प्रदर्शन, कृषक संगोष्ठी समेत अन्य आयोजन होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चमन निर्मलकर व विशिष्ट अतिथि ललिता साहू सरपंच, हेमा गन्नीर सरपंच कन्हारपुरी, विजय साहू, जीवधन निर्मलकर, सरपंच प्रतिनिधि खिलेंद्र साहू, संतोष साहू, जोधीराम दीवान, मानिक पटेल, राजेंद्र गन्नीर, पवन नागरची, कर्मचारी शिवनंद सेन, सोहन बंजारे, जागेश्वर सिन्हा, यादराम साहू थे।

**गढ़डोंगरी में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर हुआ ध्वजारोहण**

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम गढ़डोगरी में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर सहकारिता समिति परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत नगरी के कृषि सभापति पन्नालाल मरकाम ने ध्वजारोहण कर किसानों एवं ग्रामीणों को सहकारिता आंदोलन की महत्ता से अवगत कराया।

कृषि सभापति पन्नालाल मरकाम ने कहा कि सहकारिता आंदोलन देश और विशेष रूप से



किसानों के लिए गौरव का विषय है। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद किसानों को विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से मिल रहा है। इस वर्ष 15 अप्रैल 2026 को गढ़डोगरी में नई सहकारी समिति का गठन किया गया, जिससे क्षेत्र के किसानों में उत्साह का वातावरण है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत में कमी आती है। भूमि की उर्वरता बनी रहती है तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायता मिलती है। किसानों से अधिक से अधिक प्राकृतिक खेती अपनाने और सहकारिता से जुड़कर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया गया।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### दो परिवारों में मारपीट धमकी चमकी की काउंटर रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** थाना क्षेत्र के अर्जुनी-बड़ेपारा एवं गोविंदपुर क्षेत्र में दो परिवारों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत प्रस्तुत की है। पहले पक्ष से थाना में शिकायत करने पहुंचे बड़ेपारा अर्जुनी निवासी 51 वर्षीय चमन लाल जैन ने पुलिस को बताया कि 29 जून की रात लगभग 9 बजे जब वह अपने घर के बाहर निकले, तभी संदीप जैन उनके घर के पास पहुंचे और कॉलर पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। विवाद के दौरान रजनीश जैन भी मौके पर पहुंचे और ईंट-पत्थर से हमला किया। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य श्रीराम जैन, चमेली जैन, गीता जैन एवं पत्नी बीच-बचाव करने आए, तो उनके साथ भी मारपीट की गई। इस घटना में कई लोगों को चोटें आईं और कपड़े भी फाड़ दिए गए। साथ ही गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दिया गया। दूसरा पक्ष से अर्जुनी गोविंदपुर निवासी 36 वर्षीय संदीप जैन ने पुलिस को बताया कि वह अपने बड़े भाई रजनीश जैन के साथ अपने पिता सियाराम जैन के लिए जिला अस्पताल कांकेर में भोजन पहुंचाने जा रहे थे।



### ऑनलाइन भुगतान विवाद 3 युवकों ने की मारपीट

**कांकेर।** बांदे थाना क्षेत्र में ऑनलाइन भुगतान को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शराब दुकान के पास खरीदारी के दौरान भुगतान को लेकर हुई कहासुनी के कुछ समय बाद तीन अज्ञात युवकों ने दो लोगों के साथ मारपीट कर दी। घटना में दोनों युवकों को चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम आलदण्ड निवासी 30 वर्षीय अजीत नुरूटी 29 जून की शाम करीब चार बजे अपने साथी सोमा नुरूटी, मानसू आंचला और कुलदीप नेताम के साथ बांदे स्थित शराब दुकान पहुंचा था। शराब खरीदने के बाद चारों ने पास की दुकान से मिक्सचर, कुरकुरे, मछली और गिलास खरीदे। सामान का कुल बिल 110 रुपये था, जिसका ऑनलाइन भुगतान किया गया, लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण भुगतान सफल नहीं हो सका। दुकान में मौजूद युवती ने भुगतान प्राप्त नहीं होने की जानकारी दी, जिसके बाद सोमा नुरूटी ने तत्काल 110 रुपये नकद देकर भुगतान कर दिया और मामला वहीं समाप्त हो गया। इसके बाद चारों युवक पास स्थित डेम के किनारे बैठकर शराब पी रहे थे।

### जमीन बंटवारे पर विवाद के बाद भतीजे ने बेंट से की चाचा की पिटाई

**कांकेर।** विकासखंड चारामा के ग्राम गोलकुम्हड़ा में एक युवक ने अपने ही 60 वर्षीय चाचा पर फावड़े के बेंट से हमला कर दिया। मारपीट में बुजुर्ग घायल हो गए, जबकि घटना के दौरान परिजन मौके पर मौजूद थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भतीजे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोलकुम्हड़ा निवासी 60 वर्षीय विक्रम दुग्गा पिता स्व. श्रवण दुग्गा 30 जून की सुबह करीब 9 बजे अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान उनका भतीजा टुकेश्वर दुग्गा वहां पहुंचा और पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद करने लगा। आरोपी का कहना था कि संबंधित जमीन उसके पिता के नाम पर है और विक्रम दुग्गा को बंटवारे की मांग करने का कोई अधिकार नहीं है। बातचीत के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

# कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण : 10 हजार लोगों को जोड़ने का लक्ष्य

■ कुरुद और भखारा मंडल में कार्यशाला आयोजित की गई

## कुरुद विस में भाजपा का डिजिटल लर्निंग अभियान





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

केंद्र और राज्य संगठन के निर्देश पर भाजपा द्वारा बूथ स्तर तक डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म से कार्यकर्ताओं को जोड़ने अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कुरुद विधानसभा के चारों मंडल को 2500-2500 लोगों को जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। इसी कड़ी में कुरुद और भखारा मंडल में कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

कुरुद भाजपा कार्यालय में 30 जून को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आयोजित कार्यशाला में कुरुद मंडल प्रभारी भानू चन्द्राकर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र को 10 हजार का लक्ष्य मिला है। प्रत्येक बूथ से कम से कम 25 सदस्यों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ना है। इसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है।

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रेमचंद साहू, लोकेश्वर सिन्हा, योगेश साहू, धनेश्वरी निर्मलकर, कविता चन्द्राकर, केशव चन्द्राकर, हिमांशु साहू, कमलेश चन्द्राकर, धर्मेंद्र साहू, राजू चन्द्राकर, लक्ष्मीकांत साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भखारा मंडल प्रभारी निरंजन सिन्हा ने कहा कि डिजिटल युग में संगठन को नई तकनीक से जोड़ना जरूरी है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, जिला पंचायत सभापति पूजा सिन्हा, आनंद यदु, रामस्वरूप साहू, विष्णु साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक अजय चंद्राकर ने अभियान के लिए कमलेश चंद्राकर, धर्मेंद्र साहू, हिमांशु साहू, राजेश साहू, राजेंद्र चंद्राकर और युगेश धीवर को जिम्मेदारी सौंपी है। बूथ अध्यक्ष, आईटी सेल और शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं।

## वर्षा पूर्व सुरक्षा और जल प्रबंधन को लेकर विभाग सतर्क

# मुरूमसिल्ली बांध पूरी तरह सुरक्षित नियमित निरीक्षण एवं मरम्मत जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जल संसाधन विभाग द्वारा मुरूमसिल्ली बांध की सुरक्षा, संरचनात्मक मजबूती तथा जल प्रबंधन को लेकर नियमित निगरानी एवं तकनीकी परीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 23 जून को जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता मैक्सी कुजूर ने अधीक्षण अभियंता केके मित्तल, कार्यपालन अभियंता हेमलाल कुरेशिया, कार्यपालन अभियंता आरएस नेताम तथा अनुविभागीय अधिकारी भविन देवांगन के साथ मुरूमसिल्ली बांध का निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1923 में निर्मित मुरूमसिल्ली बांध प्रदेश की महत्वपूर्ण वृहद सिंचाई परियोजनाओं में से एक है तथा यह गंगरेल जलाशय का सहायक बांध है। परियोजना की संवेदनशीलता एवं महत्व को देखते हुए मुख्य अभियंता स्तर से समय-समय पर इसका तकनीकी निरीक्षण किया जाता है।

निरीक्षण के दौरान बांध की संरचनात्मक स्थिति, तटबंधों की सुरक्षा, जल निकासी व्यवस्था तथा अन्य सभी तकनीकी बिंदुओं का गहन परीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मुरूमसिल्ली बांध में 130.07 एमसीएम (4.59 टीएमसी), अर्थात 80.29 प्रतिशत तथा गंगरेल जलाशय में 325.95 एमसीएम (11.509 टीएमसी), अर्थात 42.50 प्रतिशत जल संग्रहण दर्ज किया गया। जल प्रबंधन की दृष्टि से मुरूमसिल्ली बांध से नियंत्रित रूप से गंगरेल जलाशय में पानी छोड़े जाने के निर्देश दिए गए, ताकि भविष्य में अल्प वर्षा अथवा अवर्षा की स्थिति में सिंचाई, पेयजल एवं अन्य आवश्यक प्रयोजनों के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध रह सके।

मुख्य अभियंता ने निरीक्षण के दौरान वर्षा पूर्व तटबंधों पर संभावित मिट्टी क्षरण (रेनकट) की मरम्मत एवं संरक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। निर्देशों के अनुरूप आवश्यक मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है तथा नियमानुसार नियंत्रित मात्रा में पानी गंगरेल जलाशय की ओर छोड़ा जा रहा है।

जल संसाधन विभाग ने स्पष्ट किया है कि मुरूमसिल्ली बांध में किसी भी प्रकार की दरार अथवा संरचनात्मक क्षति नहीं पाई गई है। बांध पूर्णतः सुरक्षित है तथा उसकी नियमित निगरानी विशेषज्ञ अभियंताओं द्वारा सतत की जा रही है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से प्रसारित भ्रामक एवं तथ्यहीन खबरों पर विश्वास न करें तथा केवल अधिकृत स्त्रोतों से जारी जानकारी पर ही भरोसा करें।

# विशाल घंटा से गूंजे ओम के स्वर मकेश्वर महादेव में विशेष पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्राचीन मकेश्वर महादेव मंदिर में संध्याकालीन आरती के दौरान स्थित विशालकाय एवं अद्भुत घंटे की गूंजती ओम ध्वनि के बीच भगवान मकेश्वर महादेव की विशेष पूजा-अर्चना एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया।

आम्र पत्रों से मंदिर को भक्तिमय स्वरूप प्रदान करते हुए भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने 108 दीपों से महाआरती उतारी। इस दौरान क्षेत्र में अच्छी वर्षा, उत्तम फसल तथा सभी क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए विशेष प्रार्थना की गई।

पूजा-अनुष्ठान वेदपाठी शास्त्री पंडित करण महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया। पूजा के उपरांत भगवान भोले भंडारी को अर्पित महाप्रसादी के रूप में समोसा एवं ऋतु फल का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। आरती में गोमती चौबे, राजेंद्र शर्मा, गोपाल कटारिया, पिंटू यादव, पप्पू सोनी, प्रदीप यादव, गोल्डी महाराज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

#### धर्म और पूजा से मिलता है आत्मिक सुकून : मोटवानी

विशेष पूजा में शामिल नगर निगम के लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष विजय मोटवानी ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में धार्मिक स्थल और पूजा-अनुष्ठान ही व्यक्ति को मानसिक शांति और आत्मिक संतुष्टि प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी लोगों से नियमित रूप से धर्म-कर्म से जुड़कर जीवन को सार्थक बनाने का आह्वान किया।

#### सनातन परंपरा से जुड़ें युवा : कुलेश

पार्षद कुलेश सोनी ने कहा कि सनातन संस्कृति हमारी पहचान है। उन्होंने युवाओं से धर्म और संस्कारों से जुड़कर आने वाली पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से परिचित कराने तथा विश्व शांति और मानवता के संदेश को आगे बढ़ाने का आग्रह किया।

## निःशुल्क पाठयपुस्तकें व गणवेश वितरित



■ भुसरेंगा स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय माध्यमिक शाला भुसरेंगा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को निःशुल्क पाठयपुस्तकें, गणवेश, शैक्षणिक सामग्री तथा शासन की विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। पूर्व सरपंच कौशल चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा वह दीपक है जो अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर जीवन में प्रकाश भर देता है। हर बच्चे को शिक्षा से जोड़े और उज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़े। शिक्षाविद् जयराम निर्मलकर ने प्रेरक कहानी व संस्कृत शलोक के माध्यम से बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती ललिता ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा सबका अधिकार है। संस्था प्रमुख उत्तरा कुमार कोसरिया ने आभार व्यक्त किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ठाकुर राम साहू, उपाध्यक्ष पायल साहू ने भी अपने विचार रखे। मौके पर शिक्षाविद विजय कुमार साहू, पंचायत प्रतिनिधि अनुज राम साहू, मितानिन उर्वशी निर्मलकार, भागवत निर्मलकर, हुलेश पटेल, इन्द्रकुमार यादव, शीतल पटेल, श्रीमती त्रिलोक साहू, रानी साहू समेत अन्य मौजूद थे।

# कबीर प्राकट्य दिवस पर निकली कलश यात्रा व मोटरसाइकिल रैली

■ बेलरगांव में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**नगरी।** संत कबीर साहेब के प्राकट्य दिवस पर कबीर गुरुद्वारा बेलरगांव में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कबीर पंथ के अनुयायियों एवं क्षेत्रवासियों ने संत कबीर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः सामूहिक आरती के पश्चात मोटरसाइकिल रैली से हुई। इसके बाद महिलाओं एवं संत समाज की सहभागिता से कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य समारोह में संत कबीर साहेब की वाणी, साखी एवं उनके जीवन दर्शन पर प्रवचन हुआ। समाज में प्रेम, सद्भाव, समानता और मानवता का संदेश प्रसारित किया गया।

इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने अपने विचार रखे। मौके पर महिला मंडल तहसील बेलरगांव की अध्यक्ष पूर्णिमा मानिकपुरी, पूर्व जनपद सदस्य दौवालाल देवांगन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव अध्यक्ष कैलाशनाथ प्रजापति, ग्राम पटेल बेलरगांव अमरसिंह पटेल, जनपद पंचायत सदस्य नंदिनी साहू, शिवनाथ मरकाम, सरपंच रीता मरकाम, रजनी नेताम, कमलेश्वरी नेताम, कबीर सत्संग समिति नगरी के अध्यक्ष एएल बनपेला, कबीर सत्संग समिति बेलरगांव के अध्यक्ष चमरूराम साहू, कबीर सत्संग समिति नगरी के महामंत्री प्रकाशचंद साहू तथा युवा मंच कबीर सत्संग समिति नगरी के उपाध्यक्ष बलदेव साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### मुड़केरा में सामाजिक चेतना की अलख जगाया

**नगरी।** ध्रुव गोंड़ समाज सिंगपुर परिक्षेत्र के पदाधिकारियों द्वारा ग्राम मुड़केरा में बच्चों एवं ग्रामीणों के साथ सामाजिक जागरूकता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, नशामुक्ति, स्वरोजगार (बिजनेस), बचत की आदत, सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने तथा समाज की संस्कृति, संस्कार एवं परंपराओं के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

# 22 हजार से अधिक सीड बॉल व बीजों का रोपण

■ सांकरा एवं नगरी वन परिक्षेत्र में व्यापक बीज रोपण अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

वर्षा ऋतु के आगमन के साथ वनों के संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से सांकरा वन परिक्षेत्र में विशेष बीज रोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कक्ष क्रमांक आरएफ-382 के लगभग 0.500 हेक्टेयर क्षेत्र में महुआ, बेर, करंज, इमली, कुसुम, आम, हर्रा एवं बेहड़ा सहित विभिन्न स्थानीय एवं उपयोगी प्रजातियों के 1000 सीड बॉल तथा 2000 बीजों का रोपण किया गया।

इसी क्रम में सांकरा एवं नगरी वन परिक्षेत्र के विभिन्न वन क्षेत्रों में निर्मित एससीटी, सीसीटी, अर्दन डेम, पार्कोलेशन टैंक तथा सीपीटी मेड जैसे जल एवं मृदा संरक्षण संरचनाओं के आसपास भी व्यापक स्तर पर पौध प्रजातियों के संरक्षण हेतु 20 हजार सीड बॉल एवं जंगली प्रजातियों के वृक्षों के बीजों का रोपण किया गया।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्षा ऋतु में किए जा रहे इस बीज रोपण अभियान का उद्देश्य प्राकृतिक पुनर्जनन को बढ़ावा देना, जैव विविधता का संरक्षण करना तथा वन क्षेत्रों में हरित आवरण का विस्तार करना है। विभाग को उम्मीद है कि अनुकूल मौसम एवं पर्याप्त वर्षा के कारण बड़ी संख्या में बीज अंकुरित होकर भविष्य में सघन वन विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## अंचल की खबरें

### एल्डरमैन अशोक सिन्हा का हुआ सम्मान



**धमतरी।** नगर पालिका निगम के नवनियुक्त एल्डरमैन अशोक सिन्हा का स्वागत ग्राम अछोटा के जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से अछोटा जनपद सदस्य कैलाश देवांगन, गैंदलाल, सागर निषाद, जितेंद्र देवांगन, महेश यादव, महेश ध्रुव, कृपाराम ध्रुव, राजेश यादव, रामकुमार चक्रधारी, रामनाथ ध्रुव, कृष्ण निर्मलकर, विकास देवांगन उपस्थित थे।

### सारंगपुरी में पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई



**धमतरी।** ग्राम पंचायत सारंगपुरी की आंगनबाड़ी में पल्स पोलियो की दो बूंद सरपंच रामकुमार यादव द्वारा पिलाई गई। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजेश्वरी साहू, मितानिन गोमती नेताम, अमृतबाई सेन, कीर्तिलता कंवर, डूमेश्वरी विश्वकर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।

### अभा गोंडवाना गोंड महासभा की राष्ट्रीय कार्यशाला 18 को




**धमतरी।** अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा की राष्ट्रीय कार्यशाला 18 जुलाई को रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय सभागार रायपुर में होगी। कार्यक्रम में व्यापार विषय पर गहन चिंतन करने देशभर के सामाजिक बुद्धिजीवी जुटेंगे। समाज की राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विभूतियों का सम्मान होगा। छग के प्रत्येक जिले से 10-10 प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम को लेकर रामविचार नेताम कृषि मंत्री, नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल, खामसिंह मांझी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा ओडिशा, आरएन ध्रुव राष्ट्रीय सचिव गोंडवाना गोंड महासभा, होमसिंह मांझी, फूलसिंह नेताम प्रदेश कोषाध्यक्ष, भीखम ठाकुर, डमरूधर मांझी,शिव प्रसाद ध्रुव, शरद सिंह मांझी, हरीश कुमार ध्रुव ने चर्चा की। इस दौरान मंत्री ने शाल भेंटकर महासभा के सभी पदाधिकारियों का सम्मान किया।

### एकलव्य विद्यालय में चयनित पांच विद्यार्थियों का सम्मान



**नगरी।** ग्राम पंचायत हीरीडीही के पांच विद्यार्थियों का एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में चयन होने सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि सिहावा विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने विद्यार्थियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने विद्यार्थियों को सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन, नियमित अध्ययन और समय का सदुपयोग सफलता की कुंजी है। उन्होंने बच्चों से माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने, उनकी आज्ञा का पालन करने तथा अपने लक्ष्य पर पूरी एकाग्रता के साथ मेहनत करने का आह्वान किया। यदि विद्यार्थी दृढ़ संकल्प और अनुशासन के साथ आगे बढ़ेंगे तो निश्चित रूप से भविष्य में बड़ी सफलताएं प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य एवं सरपंच ने की। इस अवसर पर शिव मरकाम, ग्राम पटेल, शिक्षकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### डिजिटल लर्निंग व संगठनात्मक विषयों पर की चर्चा



**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत आमदी स्थित सामुदायिक भवन में भाजपा महिला मोर्चा आमदी मंडल की बैठक आयोजित की गई। महिला मोर्चा की प्रभारी श्रीमती संगीता जगताप ने डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम की जानकारी देते हुए पार्टी के संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने तथा डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग करने का आह्वान किया। बैठक में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म की सहसंयोजक बीथिका विश्वास, जिला अध्यक्ष अनीता यादव, जिला महामंत्री प्रियंका सिन्हा, नगर निगम सभापति कौशल्या देवांगन, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, मंडल अध्यक्ष सुनीता साहू, उपाध्यक्ष पुष्पांजलि देवांगन, महामंत्री हिमानी साहू एवं पूजा साहू सहित सरिता साहू, संतोषी साहू, युष्मति साहू, मीनाक्षी साहू, भारती साहू, अंजलि साहू, हेमिन साहू, निर्मला साहू उपस्थित रहीं।



## खबर संक्षेप



### साराधुघमरे में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

दुर्गुकोंदल। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला साराधुघमरे में नवीन शैक्षणिक सत्र के अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें गणवेश, पुस्तकें एवं कॉपियां वितरित कीं। सरपंच ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने, अनुशासन बनाए रखने और मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम में ग्रामीण, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और खुशी झलक रही थी।

### औषधीय पौधों के संरक्षण के लिए शोध अभियान



दुर्गुकोंदल। बीएसएफ की 178 वीं बटालियन डी कंपनी के सहयोग से 3 जुलाई को ग्राम हेतले के वाडाहूर क्षेत्र के घने जंगलों में विशेष वनौषधि शोध एवं संग्रहण अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य दुर्लभ एवं विलुप्तप्राय औषधीय पौधों की पहचान, संरक्षण और वैज्ञानिक अध्ययन है। वैद्यराज महेंद्र कुमार साहू के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम सर्वेक्षण करेगी। उनके साथ डॉ. धुलेशवर साहू, वैद्य युवराज नेताम, भगवान सिंह गावड़े तथा डॉ. संजय कुमार वस्त्रकार सहित विशेषज्ञों की टीम वनौषधियों का सर्वेक्षण, संग्रहण और उनके औषधीय गुणों का दस्तावेजीकरण करेगी।

### पुरस्कारों के लिए 10 तक आवेदन आमंत्रित

कांकेर। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2027 के पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कारों के लिए योग्य एवं पात्र व्यक्तियों से 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग कांकेर एवं वेब साइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### मौत के प्रकरण पर चार लाख की सहायता मंजूर

कांकेर। राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सरार तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में मृतक के आश्रित के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। सरोना तहसील के ग्राम कन्हनपुरी निवासी 45 वर्षीय दिलीप सलाम की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी पुष्पा सलाम के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

# प्रधानमंत्री आवास के लिए कलेक्ट्रेट में लगा फरियादियों का मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में पीएम आवास के लिए मेला लगा रहा। विभिन्न गांवों से आई सैकड़ों महिलाओं ने आवास की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिला प्रशासन ने आवास आवेदन के लिए अलग से काउंटर की व्यवस्था की थी।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायतों में आवास के लिए पात्र हितग्राहियों की थोक में लिस्ट जारी हो रही है। इस लिस्ट में ऐसे कई हितग्राही हैं जिनका नाम सर्वे आवास सूची में पात्र था लेकिन अभी जारी हो रही लिस्ट में पात्र हितग्राहियों का नाम नहीं है। इससे परेशान होकर महिलाएं एकल तथा समूह में पहुंचकर आवास योजना में नाम शामिल करने का आवेदन कर रही हैं।

मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सांकरा से कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाओं ने सामूहिक आवेदन में कहा है कि आवास योजना के लिए 236 परिवारों का सर्वे किया गया था।

ये सभी परिवार गरीब तथा कच्चे मकान में रहते हैं। इनमें से 215 लोगों का नाम आवास योजना की लिस्ट में आया है जबकि 16 हितग्राहियों का नाम सूची में नहीं है। सभी 16 हितग्राहियों ने प्राथमिकता के आधार पर नाम जुड़वाने की मांग की है।

## महिलाओं ने सर्वे सूची से नाम काटे जाने की शिकायत की

### पुरी में 39 हितग्राहियों के नाम हटे

*इसी तरह ग्राम पंचायत पुरी में 268 आवास सूची में 39 हितग्राहियों का नाम हटाए जाने की शिकायत करते हुए निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। ग्राम धौंराभाठा, रावनगुड़ा की महिलाओं ने आवेदन में कहा है कि आवास प्लस 2.0 की ऑनलाइन सर्वे सूची में 291 हितग्राहियों का नाम था, जिसमें से 86 हितग्राहियों का नाम काटा गया है। पुनः सर्वे कर सभी हितग्राहियों के नाम जोड़े जाने की मांग की है।*



### सेहराडबरी में 35 हितग्राहियों के नाम कटे

*ग्राम सेहराडबरी की महिलाओं ने सर्वे में 90 पात्र हितग्राहियों में से 35 हितग्राहियों को आवास योजना से नाम काटने की शिकायत की है। इसके अलावा विभिन्न गांवों से पहुंची महिलाओं ने आवास योजना में नाम शामिल करने की मांग को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा।*

## कॉपी, पेन, प्रैक्टिस बुक और अन्य अध्ययन सामग्री की बिक्री में आई तेजी

# नए शिक्षा सत्र की शुरुआत, बुक डिपो में उमड़ी विद्यार्थियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो गई है। स्कूल खुलते ही शहर के बुक डिपो और स्टेशनरी दुकानों में विद्यार्थियों और अभिभावकों की भीड़ बढ़ने लगी है। कॉपी, पेन, पेंसिल, ड्राइंग सामग्री, स्कूल बैग, गाइड और अनसॉल्व्ड पेपर की बिक्री में तेजी देखने को मिल रही है।

शासन की योजना के तहत कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों को सरकारी स्कूलों में निशुल्क पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके चलते पाठ्यपुस्तकों की बिक्री पहले की तुलना में कम हो गई है, लेकिन परीक्षा की तैयारी में सहायक गाइड, अनसॉल्व्ड पेपर, प्रैक्टिस बुक, कॉपियां तथा अन्य स्टेशनरी सामग्री की मांग लगातार बढ़ रही है। अभिभावक भी बच्चों की जरूरत के अनुसार आवश्यक सामग्री खरीदने के लिए दुकानों का रुख कर रहे हैं। नए सत्र को लेकर विद्यार्थियों में भी खासा उत्साह दिखाई दे रहा है और वे शुरुआत से ही नियमित पढ़ाई की तैयारी में जुट गए हैं।

छात्र द्वारका सिन्हा ने कहा कि नए सत्र की शुरुआत के साथ ही उन्होंने आवश्यक कॉपियां, पेन और अध्ययन सामग्री खरीद ली है ताकि शुरू से ही नियमित पढ़ाई की जा सके। व्यवसायियों का कहना है कि आने वाले दिनों में स्कूलों की पढ़ाई पूरी तरह गति पकड़ने के साथ स्टेशनरी सामग्री की बिक्री में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। इससे स्थानीय बुक डिपो और स्टेशनरी कारोबारियों में भी उत्साह का माहौल बना हुआ है।



### दुकानदारों को बेहतर कारोबार की उम्मीद

*धमतरी के स्टेशनरी व्यवसायी मयूर राठौर, विजय साहू, संतोष जगताप ने बताया कि नए शिक्षा सत्र को ध्यान में रखते हुए उनकी दुकान में पहले से ही पर्याप्त मात्रा में स्टेशनरी और अध्ययन सामग्री का स्टॉक मंगाया गया है। स्कूल खुलने के बाद प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी और अभिभावक खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं।*

# कृषि में नवाचार और आधुनिक तकनीक से बढ़ेगी किसानों की आय : नेताम

- कृषि मंत्री ने कुरुद क्षेत्र के गांवों में कृषि आधारित नवाचारों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

छग शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि कृषि को आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और नवाचार से जोड़ना समय की आवश्यकता है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। धमतरी प्रवास के दौरान उन्होंने कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुरूद का निरीक्षण कर कृषि शिक्षा, शोध गतिविधियों और किसान हित से जुड़ी योजनाओं की जानकारी ली।

कृषि महाविद्यालय में मंत्री श्री नेताम ने आधुनिक प्रयोगशालाओं, स्मार्ट क्लास रूम, डिजिटल लाइब्रेरी, प्रतियोगी परीक्षा फोरम सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर अध्ययन व्यवस्था, शोध कार्य और छात्रावास सुविधाओं की जानकारी ली। कृषि संग्रहालय में विद्यार्थियों द्वारा तैयार कृषि मॉडल, वैज्ञानिक प्रदर्शनी और मशरूम प्रसंस्कृत उत्पादों का अवलोकन कर विद्यार्थियों के नवाचार और वैज्ञानिक सोच की सराहना की।

इस अवसर पर संचालक कृषि राहुल देव, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पूर्व विधायक रंजना साहू सहित कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी और मत्स्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



### किसानों तक पहुंचे आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक सलाह

*मंत्री श्री नेताम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंचाया जाए। गुणवत्तापूर्ण बीज, उन्नत कृषि पद्धतियों और वैज्ञानिक सलाह को खेतों तक पहुंचाकर उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जाए।*

### मत्स्य पालकों को मछली बीज का वितरण

*जिले के विभिन्न गांवों में मंत्री रामविचार नेताम ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और जैव प्रौद्योगिकी से जुड़ी परियोजनाओं का जायजा लिया। ग्राम मरौद में बीज प्रसंस्करण इकाई और नील-हरित काई उत्पादन, ग्राम चर्रा में मुर्गीपालन एवं बकरी पालन, ग्राम छाती में मखाना खेती और ग्राम देमार में संजय गांधी फिश हेचरी का निरीक्षण किया। इस दौरान मत्स्य पालकों को मछली बीज का वितरण भी किया गया।*

# श्रीराम हॉस्पिटल बना मानसून कप सीजन-2 का चैंपियन

- फाइनल मैच में मानस ब्लड बैंक को 22 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

यंग स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता मानसून कप 2026 (सीजन-2) का समापन हुआ। 24 जून से 29 जून तक चले इस रोमांचक टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला श्रीराम हॉस्पिटल और मानस ब्लड बैंक के बीच खेला गया। इस हाईवोल्टेज फाइनल मैच में श्रीराम हॉस्पिटल की टीम ने शानदार जीत दर्ज की और मानसून कप की चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

मानस ब्लड बैंक की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीराम हॉस्पिटल की टीम ने निर्धारित 7 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 55 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मानस ब्लड बैंक की टीम श्रीराम हॉस्पिटल के गेंदबाजों की कसी हुई गेंदबाजी और सटीक फील्डिंग के सामने संघर्ष करती नजर आई और निर्धारित ओवरों में 5 विकेट खोकर मात्र 33 रन ही बना सकी। श्रीराम हॉस्पिटल ने यह फाइनल मुकाबला 22 रनों के बड़े अंतर से जीतकर मानसून कप सीजन-2 के चैंपियन का गौरव हासिल किया।

### शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी: पं. शर्मा



*खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए संरक्षक पं. राजेश शर्मा ने कहा कि आज के डिजिटल और मोबाइल युग में युवाओं को मैदानी खेलों की ओर प्रेरित करना बेहद जरूरी है। खेल से खिलाड़ियों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। ऐसे आयोजन से न केवल स्थानीय प्रतिभाएं उभरती हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को खेल के क्षेत्र में अपने शहर व देश का नाम रोशन करने की नई प्रेरणा मिलती है। मोबाइल युग में युवाओं को खेल के मैदान से जोड़ना आवश्यक है।*

### नकद पुरस्कार और भव्य ट्रॉफी से नवाजी गईं टीमें

*समापन और पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एवं टूर्नामेंट के संरक्षक पं. राजेश शर्मा, प्रकाश शर्मा, प्रकाश शर्मा विकास शर्मा तथा लक्की डागा रहे। विजेता टीम श्रीराम हॉस्पिटल को चमचमाती विनर ट्रॉफी के साथ 35000 रुपये नकद और उपविजेता टीम मानस ब्लड बैंक को रनर ट्रॉफी सहित 20000 रुपये की नकद राशि से सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के संचालन में अंकित अग्रवाल, रोहित ध्रुव, वेदप्रकाश साहू का सहयोग रहा।*

### लिमतरा में सहकारी सप्ताह का आयोजन

धमतरी। केंद्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय के गठन के पांच साल पूरे होने पर देश भर में सहकारी सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी सिलसिले में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति लिमतरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोसायटी अध्यक्ष आंनद चंद्राकर ने ध्वजारोपण कर कार्यक्रम शुरू किया। समिति प्रबंधक प्रेमकुमार साहू ने सदस्यता अभियान, बायलॉज का पठन, माइक्रो एटीएम, केसीसी कार्ड का वितरण, ऋण वितरण तथा पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर हरदेव चंद्राकर, आंनद साहू, तेजराम, विष्णु चंद्राकर, मोहित, विनय, हितेश्वर सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे। घनश्याम सिंह साहू ने बताया कि सहकारी समिति के माध्यम से सहकार से समृद्धि की आ रही है।

# चारागाह और आबादी भूमि से हटेगा अतिक्रमण

- सरकारी योजनाओं के लिए भूमि होगी सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में चारागाह और शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है। शासन के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम विभिन्न गांवों में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जों की जांच कर नोटिस जारी कर रही है। नवागांव, आमदी सहित कई गांवों में कार्रवाई जारी है, जबकि ग्राम कोलियारी में नदी किनारे बसे लगभग 50 परिवारों को भूमि खाली करने के लिए इश्तहार जारी किया गया है। प्रशासन का कहना है कि वर्षों से शासकीय भूमि पर मकान, खलिहान और अन्य निर्माण होने के कारण विकास कार्यों के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध नहीं रह गई है। ऐसे में सार्वजनिक हित और भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। जनपद पंचायत के अधिकारियों के अनुसार खाली कराई जाने वाली भूमि पर शासकीय भवनों सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं को मूर्त रूप दिया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि पूरी कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है और संबंधित पक्षों को पहले नोटिस देकर अपनी बात रखने का अवसर भी दिया जा रहा है।



ग्राम कोलियारी में नदी किनारे 50 परिवारों की 6 हेक्टेयर में बसी बस्ती को जिला प्रशासन ने खाली करने नोटिस जारी किया।

### प्रभावित परिवारों ने पुनर्वास की मांग उठाई

ग्राम कोलियारी की ग्राम समिति के प्रमुख यशवंत सोनकर ने बताया कि कई परिवार पिछले 30 से 40 वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं। ऐसे में सीधे बेदखली करने के बजाय शासन को पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए। उनका कहना है कि लंबे समय से रह रहे परिवारों को वैकल्पिक आवास अथवा पट्टा देने पर विचार किया जाए, ताकि किसी को बेघर न होना पड़े। सरपंच ने कहा कि यह कार्रवाई शासन स्तर पर की जा रही है और पंचायत इसमें सहयोग की भूमिका निभा रही है। प्रशासन और ग्रामीणों के बीच लगातार संवाद जारी है। धमतरी तहसीलदार के. प्रधान ने स्पष्ट किया है कि पूरे जिले में जहां भी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाया जाएगा, वहां नियमानुसार नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विकास कार्यों के लिए भूमि आवश्यक

*जिला प्रशासन का मानना है कि शासकीय भूमि को सुरक्षित रखना जनहित में आवश्यक है। चारागाह, आबादी और अन्य सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे बढ़ने से स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन तथा अन्य विकास कार्यों के लिए भूमि उपलब्ध नहीं हो पाती। नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।*

# 42 वर्षों का सेवाकाल उनके जीवन की अमूल्य धरोहर : डॉ. दयालुराम

- कन्या महाविद्यालय के भूगोल विभाग के प्राध्यापक को दी गई विदाई

धमतरी। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ. दयालुराम चौधरी की 30 जून को अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. राजपुरिया ने कहा कि डॉ. दयालुराम चौधरी ने इस महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य के रूप में 1 जनवरी 2012 से 17 अप्रैल 2014 तक एवं 19 जून 2018 से 5 नवंबर 2024 तक अपनी सेवाएं दी। डॉ. रोहिणी मरकाम प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) ने कहा कि डॉ. चौधरी का सहयोगी एवं सहज स्वभाव सभी के लिए अनुकरणीय रहा है। डॉ. जेएल पाटले ने कहा कि डॉ. चौधरी समय के पाबंद, कर्मठ और समर्पित प्राध्यापक रहे हैं। उनका अनुभव, सकारात्मक सोच और कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक रहेगी। रोली जांगड़े ने श्री चौधरी के सम्मान में अभिनंदन पत्र का वाचन किया, जिसमें उनके 42 वर्षों के शैक्षणिक, प्रशासनिक योगदान का उल्लेख किया गया। डॉ. चौधरी के पुत्र ने कहा कि उनके पिता ने परिवार के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी समान महत्व दिया। पुत्री ने कहा कि उनके पिता ने जीवनभर शिक्षा, संस्कार और सेवा के मूल्यों को अपनाया तथा उन्हीं आदर्शों पर चलने की प्रेरणा परिवार को दी। डॉ. दयालुराम चौधरी ने कहा कि 42 वर्षों का सेवाकाल उनके जीवन की अमूल्य धरोहर है। कार्यक्रम का संचालन दानेश्वर साहू ने किया।

# अभनपुर के प्रशिक्षण शिविर में राहुल गांधी से मिलीं जिला अध्यक्ष तारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अभनपुर में आयोजित कांग्रेस जिलाध्यक्षों के 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रदेशभर से आए जिलाध्यक्षों से वन-टू-वन मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने भी राहुल गांधी से भेंटकर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

इस दौरान राहुल गांधी ने लगभग तीन घंटे तक जिलाध्यक्षों के साथ संवाद करते हुए कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, संगठन की मजबूती तथा भविष्य की रणनीति पर विस्तार से अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक, संवैधानिक एवं सामाजिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित एक जनआंदोलन है। उन्होंने जिलाध्यक्षों से कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में होती है। प्रत्येक जिलाध्यक्ष का दायित्व है कि वह गांव-गांव, वार्ड-वार्ड और बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाते हुए आम जनता से निरंतर संवाद बनाए रखे।



मुलाकात के बाद जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि राहुल गांधी का मार्गदर्शन हमारे लिए नई ऊर्जा का संचार करने वाला है। उनके दिए गए मूलमंत्र को धमतरी जिले के हर गांव, ब्लॉक और घर-घर तक पहुंचाया जाएगा ताकि कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर अजेय बनाया जा सके।













